संख्या1216 / XLI–A / 2022–30 / 2018

/72681/2022

प्रेषक

रविनाथ रामन,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
वीर माधों सिंह भण्डारी,
उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
देहरादून।

तकनीकी शिक्षा अनुभाग देहरादूनः दिनांक 22 अक्टूबर, 2022

विषय– शैक्षणिक सत्र 2022–23 में नन्ही परी सीमान्त अभियान्त्रिकी संस्थान, पिथौरागढ़ में बी0टैक प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं को प्रवेश दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–1988/वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0वि0/2022 दिनांक 12.10.2022 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नन्ही परी सीमान्त अभियान्त्रिकी संस्थान, पिथौरागढ़ को वीर माधों सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून के अधीन कैम्पस कालेज के रुप में संचालित किये जाने की कार्यवाही गतिमान है। नन्ही परी सीमान्त अभियान्त्रिकी संस्थान, पिथौरागढ़ में चालू शैक्षिक सत्र में प्रथम वर्ष हेतु प्रवेश के लिए ए.आई.सी..टी.ई. से अनापत्ति प्राप्त किये जाने की कार्यवाही नहीं की गयी है।

2– अतः छात्रहित एवं संख्याहित के दृष्टिगत राज्य सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में उक्त संस्थान में समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कर शैक्षिक सत्र 2022–23 में बी0टैक प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय के कैम्पस संस्थान के रूप में प्रवेश दिये जाने हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण कर शासन एवं सीमान्त अभियान्त्रिकी संस्थान, पिथौरागढ़ को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Signed by Raman Ravinath
Date: 22-10-2022 13:07:57

(रविनाथ रामन)
सचिव।

संख्या एवं दिनांकः तदैव।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा. मंत्री, तकनीकी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड सरकार को मा. मंत्री जी के संज्ञानार्थ।
2. जिलाधिकारी, पिथौराग़ढ़।
3. निदेशक/प्रशासक, नन्ही परी सीमान्त अभियान्त्रिकी संस्थान, पिथौरागढ़।
4. गार्ड फाईल।

(रविनाथ रामन)
सचिव।